# पर्यावरण  जागरूकता अभियान

**उद्धेश्यः   छात्र-छात्राओं में  पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं वृक्षों के महत्त्व एवं उनके संरक्षण हेतु चेतना विकसित करना**

## 13-02-2024

## पर्यावरण  जागरूकता पर विचार गोष्टी एवं वृक्षारोपण

शा.वि.या.ता.स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के  मनोविज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 13  फरवरी 2024 को  शा. आत्मानंद उच्वतर माध्यमिक विद्यालय कुर्सीपार में  पी.एम उषा प्रायोजित पर्यावरण  जागरूकता अभियान  का आयोजन किया गया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.एम. सिद्धकी ने छात्रों को वृक्ष प्रदान कर वृक्षरोपण अभियान हेतु शुभकामनायें दी. प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं से  वृक्षों को बचाने की भी अपील की. महाविद्यालय के रजिस्ट्रार श्री. आशुतोष साव, क्रीड़ा अधिकारी श्री. लक्ष्मेन्द्र कुलदीप एवं एन.एस.एस. प्रभारी  प्रो. जैनेन्द्र दीवान ने अभियान हेतु छात्र-छात्राओं का हौसला बढाया. न्यू कुर्सीपार विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्रीमति शीला बोरकर एवं वरिष्ठ व्याख्याता श्री. एन.के. भारद्वाज एवं किरण साहू  ने जागरूकता अभियान टीम का  स्वागत किया और विषय की प्रासंगिकता  को रेखांकित किया. विभागाध्यक्ष डॉ. रचिता श्रीवास्तव ने  कार्यक्रम का संचालन करते हुए जागरूकता अभियान के अंतर्गत की जाने  वाली गतिविधियों पर प्रकाश डाला.   मनोविज्ञान के बी.ए. अंतिम वर्ष एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने  मानसिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण  पर  अपने विचार रखे . चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा श्रेया ने कहा   मानसिक  स्वास्थ्य  को बनाये रखने में वृक्ष बहुत महत्वपूर्ण होते है. आप इनडोर प्लांटेशन कर सकते. ये आपके अन्दर मौजूद ख़ुशी के हार्मोन्स में वृद्धि करता है. रिया एवं गोविंदा ने छात्र–छात्राओं को बताया कि पेड़ –पोंधों की  उपयोगिता  मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी होती है . बी.ए. अंतिम वर्ष की छात्रा श्रेया द्वारा पर्यावरण जागरूकता पर अपने विचार रखे. वृक्षों के महत्त्व को उजागर किया. डॉ. प्रतिभा शर्मा ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया और पौधों को सुरक्षित  रखने  की  अपील  की.




STPI


तामस्कर स्नातकोत्तर
दुर्ग



## Drama presentation on Independence Day By NSS



मां के नाम पौधे रोप कर लिया सुरक्षा का संकल्प

# साइंस कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र ईकाई ने जागरूकता रैली निकाकर रोपे पौधे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**दुर्ग** . शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र इकाई, वनस्पतिशास्त्र विभाग, बागवानी समिति एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के आजाद छात्रावास में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री द्वारा की गई है। जिसे मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रमोट किया जा रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एमए सिद्दीकी ने स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण वर्तमान समय की महती आवश्यकता है और प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि ' एक पेड़ मां के नाम ' जरूर लगाएं।

उनके निर्देशन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली। छात्रावास में वृहद वृक्षारोपण के दौरान करंज, बेल, कचनार ,आम ,आंवला इत्यादि के वृक्ष लगाए गए। कार्यक्रम में वनस्पतिशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रंजना श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ जनेंद्र दीवान , एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी तरुण कुमार साहू, एनसीसी के लेफ्टिनेंट प्रशांत दुबे, सह कार्यक्रम अधिकारी, सुदेश साहू, छात्रावास अधीक्षक सोनटेके उपस्थित रहे। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ मर्सी जार्ज, डॉ तरलोचन कौर,डॉ अंशुमाला चंदनगर ने भी विद्यार्थियों को अपने अपने गांवों, मोहल्लों में पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक मोरध्वज के साथ ही सतेक कुमार, मिनेश यादव, द्रविड़ कुमार, दीपांकर रहे।

# साक्षरता दिवस



## साइंस कॉलेज मे अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन

श्रमबिन्दु / दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीना मान ने संबोधित करते हुए कहा की ,यह दिन हमें याद दिलाता है कि शिक्षा का अर्थ सिर्फ पढ़ने लिखने से ही नहीं है बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक विकास की नींव भी है।

छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. तरुण कुमार साहू सर ने उद्बोधन करते हुए कहा कि शिक्षा मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। किसी भी समाज और देश के विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। प्राणीशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक अनुराग मिश्रा सर के द्वारा स्वयंसेवकों को साक्षर बनाने हेतु बौद्धिक परिचर्चा के दौरान बच्चों को प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च स्तर तक की मानसिक स्थिति एवं शारीरिक स्थिति के साथ-साथ साक्षरता मिशन पर जोर दिया।।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु दलनायक रितिक यादव स्वयंसेवक सतएक , द्रविण, मीनेश, मो.आदिल एवं रागिनी, तारनि,भावना अन्य ने सक्रिय रूप से भूमिका निभाई।

साइंस कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन ।।।

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीना मान  ने संबोधित करते हुए कहा की ,यह दिन हमें याद दिलाता है कि शिक्षा का अर्थ सिर्फ पढ़ने लिखने से ही नहीं है बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक विकास की नींव भी है।

छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी  प्रो. तरुण कुमार साहू सर ने उद्बोधन करते हुए कहा कि शिक्षा मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। किसी भी समाज और देश के विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। प्राणीशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक अनुराग मिश्रा सर के द्वारा स्वयंसेवकों को साक्षर बनाने हेतु बौद्धिक परिचर्चा के दौरान बच्चों को प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च स्तर तक की मानसिक स्थिति एवं शारीरिक स्थिति  के साथ-साथ साक्षरता मिशन पर जोर दिया।।



# स्वच्छता के लिए विद्यार्थियों का शारीरिक और मानसिक विकास के साथ- साथ चारित्रिक विकास भी जरूरी : शिवेंद्र परिहार

**राजधानी रिपोर्टर**

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिवेंद्र परिहार जी, पार्षद दुर्ग नगर निगम आमंत्रित थे। उनके साथ नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी धर्मेन्द्र यादव भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम ए सिद्दकी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने हेतु प्रेरित किया। मुख्य अतिथि परिहार जी ने अपने उद्बोधन के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना का इतिहास, एनएसएस के उद्देश्य और प्रतीक चिन्ह के बारे में स्वयंसेवकों को सारगर्भित जानकारी दी। आगे उन्होंने यह भी कहा की स्वच्छता की पहली सीढ़ी परिवार से शुरू होती है और धीरे- धीरे परिवार से समाज, समाज से राज्य और राज्य से राष्ट्र तक का सफर तय होता है, अत: स्वच्छता का कर्तव्य हमारा नैतिक कर्तव्य है। इसके लिए विद्यार्थियों का शारीरिक और मानसिक विकास के साथ - साथ चारित्रिक विकास भी आवश्यक है। अपने उद्बोधन के अंत में उन्होंने उपस्थित प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता का शपथ दिलाया। तत्पश्चात महाविद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर परिहार जी का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अनिल कश्यप, डॉ अभिनेष सुराना, डॉ अश्विनी महाजन, डॉ एलिजाबेथ भगत उपस्थित थे। स्वागत भाषण कार्यक्रम अधिकारी तरूण साहू एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ मीना मान ने दिया।

डॉ मान ने कार्यक्रम के अंत में स्वैच्छिक रक्तदान हेतु शपथ दिलाया। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ स्वयंसेवक मोरध्वज, सतेक ,ऋतिक, मिनेश, दीपांकर, द्रविड़,टुकेश्वर, निमिष, साहित्य, निखिल ,देवराज, मो आदिल के साथ महाविद्यालय के पूर्व स्वयंसेवक दिलेश्वर ,विजय, मयंक, मानसी भी उपस्थित रहे।




दिनाँक - 02 अक्टूबर 2024

कार्यक्रम - गाँधी जयंती पर कॉलेज परिसर मे साफ सफाई

Govt. V.Y.T. P.G. Autonomous College Durg (C.G.)

Principal
Govt. V.Y.TPG.Autonomous
College, Durg